## संक्षिप्त

### विशाल अन्नकूट महोत्सव आज

**अलवर।** श्री चक्रधारी हनुमान जी सेवार्थ समिति की ओर से बाला किला स्थित श्री चक्रधारी हनुमान मंदिर पर 17 नवंबर रविवार को विशाल अन्नकूट महोत्सव सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2-00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष किशोर शर्मा ने बताया कि वन नाका से चक्रधारी हनुमान मंदिर तक जाने के लिए टू व्हीलर व फोर व्हीलर की अनुमति रहेगी।

### जांगिड़ समाज की बैठक आज

**निवाई।** भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर में जांगिड़ समाज की तहसील सभा एवं विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को प्रातः 11 बजे तहसील अध्यक्ष नारायणलाल जांगिड़ एवं विकास समिति अध्यक्ष रामेश्वरप्रसाद जांगिड़ की अध्यक्षता में बैठक आयोजित होगी। तहसील महामंत्री रामविलास चैनपुरा व प्रवक्ता मनीष जांगीड ने बताया कि बैठक में पूर्व सूचना अनुसार दुकानों को किराए पर देने संबंधित आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अमानत राशि भी जमा की जाएगी साथ ही छात्रावास निर्माण को लेकर ठेकेदार से एस्टीमेट बनवाया जाएगा। मंदिर के शिखर निर्माण पर भी विस्तार से चर्चा की जाएगी।

### वीरमदेव चौहान की जयंती मनाई

**निवाई।** गांव पलेई में राजपूत समाज द्वारा वीरमदेव चौहान की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई। दशरथसिंह चौहान ने बताया कि पलेई में जुझार जी महाराज के स्थान पर महिलाओं एवं पुरुषों सहित बच्चों ने वीरमदेव चौहान की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। उन्होंने बताया कि वीरमदेव चौहान आन बान और शान के लिए मुगलों की अधीनता स्वीकार नहीं की और उनके साथ युद्ध किया। उन्होंने अपने प्राण अपनी मातृभूमि पर न्योछावर किए थे। जिनको राजपूत समाज हमेशा याद रखते हुए हर वर्ष उनकी जयंती मनाई जाती है। इस दौरान सबको समाज के साथ ही मिलकर रहने व अपने अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष करने कि शपथ दिलाई। इस अवसर पर गोविंदसिंह चौहान, गोपालसिंह, भंवर सिंह, दीपेंद्र सिंह, आशुतोष सिंह, जगजीत सिंह, जय सिंह, राजेंद्र सिंह, हितेश सिंह व कन्नू बना सहित राजपूत समाज के कई लोग मौजूद थे।

### हैल्थ मेले में उमड़ी आमजन की भीड़

**कोटपूतली।** कोटपूतली ब्लॉक में शनिवार को राज्य सरकार के निर्देशानुसार आयुष्मान भवः अभियान के अन्तर्गत बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर के नेतृत्व में हैल्थ मेले का आयोजन किया गया। बीसीएमओ डॉ. गुर्जर ने बताया कि हैल्थ मेले में गर्भावस्था एवं बच्चों के जन्म के समय देखभाल, नवजात एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल सेवायें, बचपन एवं किशोरावस्था स्वास्थ्य देखभाल सेवायें, परिवार नियोजन, गर्भ निरोधक सेवायें एवं अन्य प्रजनन स्वास्थ्य देखभाल सेवायें, संचारी रोगों का प्रबंधन, तीव्र सरल बीमारी एवं मामूली बीमारियों के लिये सामान्य ओपीडी सेवायें, गैर-संचारी बीमारियों की स्क्रीनिंग, रोकथाम, नियंत्रण एवं प्रबंधन, सामान्य नेत्र एवं नाक, कान, गला, रोग सेवायें, सामान्य मुख स्वास्थ्य आदि समेत अनेक चिकित्सा सुविधायें आमजन को उपलब्ध करवाई।

### 6 बाइक जब्त

**टोंक।** मेहन्दवास थाना में 3 नवम्बर को परिवादी आरिफ खान निवासी सोनवा ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि उसके घर के बाहर खडी मोटरसाईकिल को चोर चोरी कर ले गये, जिसकी रिपोर्ट दर्ज कर अनुसंधान किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने जिले में लगातार हो रही लूट व नकबजनी की घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुए रोकथाम व घटनाओं के पर्दाफाश हेतु टोंक वृताधिकारी राजेश विधार्थी व थाना मेहन्दवास के नेतृत्व में साईबर सेल से एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा लगातार कार्यवाही करते हुए तकनीकी साक्ष्य जुटाने के साथ ही आसूचना संकलन कर जंगलो में दबिश देकर घटना में शामिल एक नाबालिग को चोरी की मोटरसाईकिलो के साथ दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया। मेहन्दवास थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी से पूछताछ के दौरान उसके साथियों के साथ मिलकर अनेक घटनाओं को कारित करना स्वीकार किया। जिसने जिले सहित 5 अन्य जिलो से 2 दर्जन से अधिक चोरी करना व लूट, नकबजनी की घटनायें करना शामिल है तथा उनके कब्जे से 6 मोटरसाईकिले भी जप्त की गई।

# तीन दुकानों के शटर तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया

**पावटा।** पुलिस की तमाम चौकसी व रात्रि गश्ती के दावों को धता बताते हुए अज्ञात चोरों ने पावटा उपखंड मुख्यालय के मुख्य बाजार व्यवसायिक केंद्र घंटाघर चौक स्थित दो अलग-अलग दुकानों व प्रागपुरा मे एक मेडिकल की दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया। शनिवार की सुबह करीब 4.3० बजे चोरों ने दोनों दुकानों के शटर तोड कर हजारों की नकदी चोरी कर ली। दुकानों के शटर तोडने का अंदाज घटना में किसी एक गिरोह के संलिप्तता का संकेत दे रहा है।

हालांकि पुलिस जल्द ही मामले का उद्भेदन करने की बात कह रही है। फिलहाल इस घटना के बाद पावटा कस्बे के व्यापारी एवं अन्य लोगों के बीच चिंता का माहौल व्याप्त है। पावटा कस्बे कस्बे के घंटाघर चौक पर पावटा निवासी सीताराम टेलर की पतंग की दुकान का शटर तोड कर नकदी चोरी कर ली है। वही इसी तरह शटर तोडकर मुय बाजार स्थित रमेश पंसारी की किराना स्टोर की दुकान में भी चोरों ने नकदी चोरी की। प्रागपुरा कस्बे मे बंसल फार्मा मे शटर तोडकर चोरी की कोशिश की लेकिन जाग होने के कारण चोरी करने मे असफल हो गए। वही दुकानदारो को सुबह घटना का पता चला तो प्रागपुरा थाना पुलिस को सूचित किया गया। जिस पर प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश राजेश कुमार मौके पर पहुँचे व घटना की जानकारी ली। प्रागपुरा थाना पुलिस को बाजारों मे दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरो का सहारा लेना पडा जहाँ फुटेज को चेक किया तो उसमे तीन शश दुकान के शटर को लोहे की रॉड से उखाडते नजर आये। इस बाबत प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश कुमार ने कहा कि पुलिस मामले के अनुसंधान में जुट गयी है। शीघ्र ही मामले का उद्भेदन कर चोरों को पकडा जायेगा। पावटा कस्बे के व्यापारियों ने प्रशासन से रात्रि में पुलिस गश्त तेज करने की मांग की है। वही पूर्व मे पावटा कस्बे मे भामाशाहो ने 1० सीसीटीवी कैमरे कस्बे की सुरक्षा हेतु लगवाए थे लेकिन कैमरे पिछले कई सालों से सुधार व मेंटेनेंस की कमी के कारण बंद पडे हैं। कैमरो में तकनीकी खराबी आ गई है।


चोरी की घटना के बाद लोगों की भीड़ उमड़ी।

- अज्ञात चोरों ने दो अलग-अलग दुकानों व प्रागपुरा मे एक मेडिकल की दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया

## महाराजावास गांव में लगी आग

**अलवर।** बहरोड़ के गांव महाराजावास में शुक्रवार रात करीब 2 बजे अज्ञात कारणों से पशु चारे में आग लग गई। आग ने किसानों के कड़ी मेहनत से तैयार 70 मण कड़बी को जलाकर राख कर दिया, जिससे काश्तकार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ। ग्रामीण नरेंद्र यादव ने बताया कि गांव के किसान गोरधन ने अपनी खाली जगह पर कड़बी के ढेर लगाए हुए थे, जो पूरी तरह से सूख चुके थे। रात करीब 2 बजे अचानक उनमें आग लग गई।

आग की लपटें तेज हवा के कारण तेजी से फैलने लगीं, जिससे कड़बी का पूरा ढेर जलकर राख हो गया। जब आग लगी, तब किसान गोरधन और आसपास के ग्रामीणों ने अपनी मदद से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन रात का समय होने और आग के विकराल रूप लेने के कारण सभी प्रयास असफल साबित हुए। आगजनी में न केवल किसान को आर्थिक नुकसान हुआ, बल्कि उसे मानसिक और शारीरिक परेशानियों का भी सामना करना पड़ा।ग्रामीणों ने घटना की जानकारी संबंधित अधिकारियों को दी।

## सार-समाचार

### बंदूक के साथ एक गिरफ्तार



**निवाई।** निवाई थाना पुलिस ने अवैध हथियार के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली थी कि नला रोड पर एक बोलेरो कार में एक व्यक्ति टोपीदार बंदूक लेकर शिकार करने के लिए कैरोद की ओर जा रहा है। सूचना पर सहायक उप निरीक्षक राजेन्द्रसिंह मय जाप्ता के साथ नला रोड पर स्थित बैरवा छात्रावास के पास पहुंचे और नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान बोलेरो कार आती हुई दिखाई दी। जिसको रूकवाकर चालक से पूछताछ की। गाडी की तलाशी के दौरान कार की सीट के नीचे एक नाली टोपीदार बंदूक मिली। पुलिस ने आरोपी से बंदूक का लाईसेंस मांगा तो उसने लाईसेंस नहीं होना बताया। जिस पर पुलिस ने बंदूक को जप्त करके आरोपी राजन सोलंकी पुत्र चक्कन मोग्या निवासी देवपुरा हाल निवासी जीवली पुलिस थाना दतवास को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आम्र्स एक्ट में मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

### सडक किनारे ट्रक मे मृत मिला चालक

**मालपुरा, (निस)।** जयपुर भीलवाडा स्टेट हाइवे के मालपुरा केकडी सडक मार्ग पर इंदोली के पास शनिवार की दोपहर सडक किनारे एक ट्रक मे मृत अवस्था मे मिले चालक के शव को पुलिस ने लिया सुरक्षा मे। लाम्बाहरिसिंह थाना पुलिस से मिली जानकारी व बताया कि शनिवार की दोपहर जरिये दूरभाष के इंदोली के पास सडक किनारे खडी एक आईसर गाडी मे चालक के अचेतावस्था मे पडे होने की मिली सुचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को मोर्चरी मे रखवा गाडी के नम्बर के आधार पर गाडी मालिक की पहचान करते हुये गाडी जयपुर के झोटवाडा स्थित गौशाला की होना सामने आया। मृतक की पहचान श्याम विनोद पुत्र पुरूषोतम निवासी ग्राम घाटोली गोर्वधन गिरराज जी युपी के रूप मे की गई। संचालको ने बताया कि श्याम विनोद लम्बे समय से गौशाला की गाडी चला रहा था। प्रथम दृश्या पुलिस ने चालक की मौत ह्दयघात से होना माना हैं। दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया तथा जरिये दूरभाष पर मृतक के परिजनो को सुचना दी गई। शव को मालपुरा अस्पताल की मोर्चरी मे रखवाया गया। इसी क्रम मे दूसरी दुर्घटना मे इंदोली गांव के पास ही अचानक बीच सडक पर स्वांग के आ जाने से बाईक अनियंत्रित हो फिसल गई। हादसे मे बाईक सवार महिला कैलाशी देवी निवासी बघेरा व दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। तीनो घायलो को मालपुरा 108 एम्बूलेंस की सहायता से मालपुरा अस्पताल मे भर्ति करवाया गया।

### पोस्टर का विमोचन किया

**फुलेरा ।** श्री सैन जन विकास समिति जयपुर के वैवाहिक संस्थान जयपुर के तत्वावधान में समाज का चतुर्थ विशाल आदर्श विवाह सम्मेलन आगामी 18 फरवरी 2025 को झोटवाड़ा ठामीण क्षेत्र में सम्पन्न किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार सैन ने बताया कि सम्मेलन के लिए वर एवं वधू पक्ष से सहयोग राशि के रूप में 71 हजार रुपए जमा किए जाएंगे। जिसकी अंतिम तारीख 31 जनवरी 2025 निर्धारित की गई है। इसी क्रम में आगे बताया कि समिति द्वारा घोषित निर्धारित राशि देने पर ही जोड़ा बुक किया जाएगा, जोड़ा बुक करवाते समय वर-वधू को स्वयं साथ आना आवश्यक है। क्योंकि फार्म स्वयं वर-वधु द्वारा ही हस्ताक्षर के साथ भरा जाएगा। इसी क्रम में कार्यकारिणी के स्वागत मंत्री मनोज सैन आकोदा ने बताया कि जोड़ा बुक करवाते समय मुख्य दस्तावेज जिसमें मुख्यतः वर-वधू की पासपोर्ट साइज की आठ फोटो, आई डी में जन्म प्रमाण पत्र, मार्कशीट, स्कूल की टी.सी., आधार कार्ड, भामाशाह कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, फर्स्ट क्लास मजिस्ट्रेट से जारी प्रमाण पत्र तथा माता-पिता के आधार कार्ड एवं उनकी दो फोटो लाना आवश्यक है।

### व्यर्थ बह रहे पानी से फैला किचड़

**सावरदा, (निंस)।** मौजमाबाद पंचायत समिति क्षेत्र कि गिदानी ग्राम पंचायत के चांदरमूल गांव में ग्रामीणों को करीब दो साल से भी ज्यादा का समय गुजर जाने के बाद स्वच्छ जल मिशन योजना का पानी तो मिला , परन्तु संबधित ठेकेदार द्वारा डाली गई पाईप लाईन में तकनीकी खामियो के चलते जगह जगह से सैकड़ो लीटर पानी व्यर्थ बहने से गांव के कई मौहल्लो जिनमे राजपुत मौहल्ले सहित जाट व राजनटो के मौहल्ले सहित गुर्जरो के मौहल्लो के आम रास्तो में बहते पानी से चारो तरफ किचड़ फैल गया है जिसके चलते पैदल राहगीरो सहित दुपहिया वाहन चालकों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है । गांव मे तीन दिन से लगातार लीकेज पाईप लाईन से व्यर्थ बहते पानी की सुध लेने वाला कोई नहीं पहुंचा। गांव में योजना के तहत डाली गई पाईप लाईन में लीकेज को लेकर दूदू जलदाय विभाग की कनिष्ट अभियंता पुजा कुमावत से जानकारी चाहने हेतु दो बार दुरभाष पर सम्पर्क किया गय, लेकिन उनकी तरफ से कोई जबाब नहीं मिला ।

### विधायक ने कार्यक्रमों में शिरकत की

**शाहपुरा।** विधायक मनीष यादव ने सैन समाज के द्वादश वां सामूहिक विवाह सम्मेलन कार्यक्रम में त्रिवेणी धाम पहुँच कर वर वधू को शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया साथ ही सुखद दाम्पत्य जीवन की कामना की। साथ ही आयोजनकर्ता और सम्मेलन समिति के अध्यक्ष का इस पुनीत कार्य करने पर उन्हें धन्यवाद भी दिया। वहीं आयोजनकर्ताओं ने भी विधायक मनीष यादव का आभार व्यक्त किया तथा धन्यवाद दिया कि आपने हमारे इस वैवाहिक सम्मेलन में पधारकर वर और वधु को आशीर्वाद प्रदान किया है। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य और नव दंपतियों के परिजन साथ ही अनेक लोग उपस्थित रहे।

### भाजपा कार्यशाला का आयोजन आज

**अलवर।** भारतीय जनता पार्टी जिला अलवर दक्षिण द्वारा रविवार को अंबेडकर नगर स्थित जिला कार्यालय पर सुबह 10.00 बजे सदस्यता अभियान के अंतर्गत संगठन पर्व कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी उपस्थित रहेंगे। इस कार्यशाला में जिले में निवासी वर्तमान एवं पूर्व प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी, जिला चुनाव अधिकारी टोली, जिला संगठन प्रभारी, जिला अध्यक्ष, पूर्व जिला अध्यक्ष, सांसद, विधायक पूर्व विधायक,विधानसभा प्रत्याशी 2023,जिला प्रमुख,नगर निगम महापौर,नगर पालिका अध्यक्ष, पंचायत समिति प्रधान, सदस्यता अभियान जिला संयोजक एवं विधानसभा संयोजक शामिल होंगे यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने दी।

### अनुष्का शर्मा बाल रत्न से समानित

**मानपुरा माचेडी ।** मानपुरा माचेडी की कक्षा पांच की छात्रा अनुष्का शर्मा पुत्री गोपाल शर्मा को 14 नवंबर बाल दिवस पर राष्ट्रीय समता स्वतंत्रता मंच द्वारा बाल रत्न अंलकरण से सम्मानित किया । सम्मान राष्ट्रीय समता स्वतंत्र मंच के संयोजक श्री महावीर प्रसाद टोरड़ी व मुख्य सलाहकार कुलदीप शर्मा ने बताया कि छात्रा अनुष्का शर्मा को अध्ययन की प्रति सजक सामाजिक कार्यों में रुचि व अनुशासन का जीवन में महत्व के लिए दिया गया है।श्री श्याम विद्या मंदिर स्कूल मानपुरा माचेडी के निदेशक संजय शर्मा प्रधानाध्यापक पंकज शर्मा व समस्त शिक्षकों ने अनुष्का शर्मा को बाल रत्न से समानित होने पर बधाई दी। फोटो कैप्शन अनुष्का शर्मा को सम्मानित करते हुए।

## 'भाजपा संगठन पर्व की शुरुआत, सभी कार्यकर्ता सहभागिता निभाएं'

**पावटा।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के संगठन पर्व व भाजपा बालाजी मंडल पावटा, प्रागपुरा मंडल, त्रिवेणी मंडल कार्यशाला बैठक ग्राम आंतेला के एक निजी होटल मे विधायक कुलदीप धनकड के मुख्य आतिथ्य एवं मंडल अध्यक्ष प्रकाश राठी, जयराम सिंह, अनिल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यशाला बैठक के दौरान विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड ने कहा कि भाजपा संगठन पर्व की शुरुआत हो गई है और सभी भाजपा कार्यकर्ता इसमें अपनी सहभागिता करें।

भाजपा की संगठन पर्व कार्यशाला को संबोधित करते हुए विधायक धनकड ने कहा कि भाजपा मे प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी मेहतन एवं समर्पण के बल पर संगठन के सर्वोच्च पदों पर आसीन हो सकता है। उन्होंने कहा कि प्रयास होना चाहिए कि बूथ अध्यक्ष सक्रिय कार्यकर्ताओ को ही बनाया जाए क्योंकि बूथ अध्यक्ष संगठन की महत्वपूर्ण इकाई है।

भाजपा कार्यकर्ता चुनाव के साथ संगठन के लिए भी संकल्पित होकर कार्य करेगा तो पार्टी ओर अधिक मजबूत होगी और हमें एकजुट होकर भाजपा संगठन को मजबूत करना है। हमें मिलकर हमारे बूथ और मंडल को इतना मजबूत करना होगा कि प्रदेश का हर बूथ विपक्ष के लिए अभेद्य किला साबित हो। इसके लिए सदस्यता अभियान में हर जिलाध्यक्ष, हर पदाधिकारी को बढ चढकर भागीदारी निभानी चाहिए। भाजपा कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान में महिलाओं को भी जोडना चाहिए। महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित होगी तो संगठन को मजबूती मिलेगी। भाजपा मे सामने वाले के मन में राष्ट प्रथम का भाव होना चाहिए। राष्ट प्रथम का भाव वाला व्यक्ति भाजपा की रीति और नीति के साथ चलेगा।

## एवरेस्टबेस पर तिरंगा फहराने पर पर्वतारोही रितिका का किया सम्मान

**कोटपूतली।** राजधानी जयपुर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में शनिवार को प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, प्रदेश कार्यालय मंत्री मुकेश पारीक, मीडिया प्रभारी विमल कटियार, प्रदेश कार्यालय सह मंत्री रजनीश चनाना, प्रदेश संयोजक डॉ. अशोक यादव द्वारा जिले के ग्राम गोरधनपुरा निवासी पर्वतारोही रितिका यादव की एवरेस्टबेस कैम्प की 18519 फिट (5644 मीटर) की ऊंचाई पर तिरंगा फहराने की उपलब्धि पर साफा एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया एवं भविष्य में ओर बड़ी उपलब्ध हांसिल करने के लिये शुभकामनायें दी गई।

उल्लेखनीय है कि रितिका यादव ने माउण्ट एवरेस्ट बेस कैम्प जिसकी ऊंचाई 5364 मीटर (17598 फीट), काला पत्थर जिसकी ऊंचाई 5644 मीटर (18519 फीट) व नागार्जुन पीक जिसकी ऊंचाई 5083 मीटर पर देश का तिरंगा फहराकर गांव व समाज का नाम रोशन किया। इससे पहले भी रितिका ने बहुत सी पर्वतों व चोटियों पर तिरंगा फहराकर अपने परिवार का नाम रोशन किया है।

- एवरेस्टबेस कैम्प 18519 फिट (5644 मीटर) की ऊंचाई पर तिरंगा फहराने पर पर्वतारोही रितिका यादव सम्मानित


पर्वतारोही रितिका का स्वागत करते प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड।

## निशुल्क शिविर में मौसमी बीमारी के 169 मरीजों को दवा उपलब्ध करवाई

**चाकसू।** शनिवार कस्बे के टोंक रोड स्थित गणेशपुरी बगीची में को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर चाकसू के तत्वाधान में केशव प्रभात शाखा के स्वयंसेवकों द्वारा प्रान्त योजना के तहत प्रान्त सेवा सप्ताह के निमित्त नि:शुल्क जाँच एवं रोग परामर्श एवं नि:शुल्क दवा वितरण शिविर आयोजन हुआ। जिसमें आमजन की नि:शुल्क मधुमेह एवं रक्तचाप की जांचे एवं दवा उपलब्ध करायी गयी। नि:शुल्क दवाओं में पेट दर्द,उल्टी, दस्त, सिर दर्द,जोड़ों के दर्द,कमर दर्द, बुखार, खाँसी, जुखाम, मधुमेह, रक्तचाप आदि रोगों की नि:शुल्क दवाईयां रोगियों को दी गई।शिविर में मधुमेह एवं रक्तचाप की 78 जांच एवं सामान्य मौसमी बीमारी के 169 लोगो को दवा उपलब्ध करायी गई।

इसके पश्चात अम्बेडकर बस्ती में स्थित कंजर बस्ती, बैरवा बस्ती, गाडियां लुहार, बागरिया बस्ती में मय एम्बुलेंस चिकित्सक और नर्सिंग स्टाफ और संघ के स्वयंसेवकों ने बस्तियों में जाकर उनकी जाँच कर सम्बंधित बीमारी की नि:शुल्क वितरित की।

शिविर के समापन में डॉ. सुषमा नारोलिया एवं उनकी टीम का सराहनीय सहयोग पर संघ कार्यकर्ताओ ने संघ के साहित्य पंच परिवर्तन एवं प्रभु श्री राम चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

- प्रान्त सेवा सप्ताह के निमित्त नि:शुल्क जाँच एवं रोग परामर्श एवं नि:शुल्क दवा वितरण शिविर आयोजन हुआ



निशुल्क शिविर में 78 जाचें एवं मौसमी बीमारी के 169 मरीजों को दवा उपलब्ध करवाई।

## नवलपुरा क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ आज

**मनोहरपुर।** कस्बे के नवलपुरा में आज ग्राम पंचायत नवलपुरा में शाम 3 बजे राइजिंग राजस्थान के तहत आयोजित (आदिल ख़ान )आईकेएम प्रजेंट टीम राज नवलपुरा क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा।

जिसमें टूर्नामेंट के मुख्य आयोजक राज यादव ने बताया कि उद्घाटन के मुख्य आकर्षक गायक अजय हूडा रहेंगे और उनकी टीम जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री कर्नल राठौड़ व शुभारंभ की अध्यक्षता सांसद जयपुर ग्रामीण राव राजेंद्र सिंह करेंगे। इसके विशिष्ट अतिथि रमा चोपड़ा (जिला प्रमुख), अंकित चेची (प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा बीजेपी) उपेन यादव (विधायक प्रत्याशी शाहपुरा) और आदिल खान () इस टूर्नामेंट को प्रेजेंट कर रहे है और एचडी ग्रुप से पूरण यादव , एचडी ब्रिक्स से मुकेश बाडीगर, स्काई वोल्ट से रमेश यादव और रमेश कुमावत, अतिथि रहेंगे ।

इसमें सीता देवी (सरपंच); बनवारी लाल यादव (पंचायत समिति सदस्य) शंकर लाल यादव (पूर्व उप प्रधान) बंशीधर यादव( पूर्व सरपंच) बलवीर यादव (सरपंच प्रतिनिधि) मुकेश खातोदिया ( सहकारी समिति अध्यक्ष) उपस्थित रहेंगे।

वही इस प्रतियोगिता में लाइव फेसबुक पेज ओर यूट्ययूब चैनल ; लाइव क्रिकेट पर होगा इस टूर्नामेंट का आयोजन राज यादव (सरपंच प्रतिनिधि; जिला उपाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा) कर रहे हैं इस प्रतियोगिता में 32 टीमें भाग ले रही हैं जिसमें प्रथम विजेता को 251000 रुपए व आकर्षक ट्राफी व द्वितीय विजेता को 10000 रुपए व आकर्षक ट्राफी दी जाएगी! राज यादव ने बताया कि बाहर से टीमें आ रही हैं और उनमें टेनिस स्टार खिलाड़ी आ रहे हैं इस प्रतियोगिता के मुख्य आकर्षक हरियाणवी स्टार सिंगर अजय हुडा आ रहे है।

इस दौरान आयोजकों द्वारा खेल मेदान की तयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा हैं, आयोजन समिति के सदस्य राजेंद्र चौधरी, विक्की दीवाना, रॉकी यादव , वीरकमल यादव , दिनेश सैनी , महेश यादव , जीतू यादव , डीआर यादव , आदि मौजूद रहे।

- 32 टीम लेंगी भाग,विजेता टीम 251000 व उपविजेता टीम को 10000 दी जाएगी ट्रॉफी

# सिरस में वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का ध्वजारोहण के साथ हुआ शुभारम्भ

**सिरस।** चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में आचार्य इंद्र नदी महाराज व बालाचार्य निपुर्ण नंदी महाराज के ससंघ सानिध्य में शनिवार को दो दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारम्भ ध्वजारोहण व कलश यात्रा के साथ हुआ। पूर्व सरपंच मोहनलाल जैन ने बताया की शनिवार को सुबह देवाज्ञा, गुरु आज्ञा व आचार्य निमंत्रण के बाद घट यात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

कलश यात्रा गांव के मुख्य मार्गो से होती हुई बैंड बाजों के साथ दिगंबर जैन मंदिर सिरस पहुंची। इस दौरान महिलाएं भजनों की मधुर धुन पर नृत्य करते हुए चल रही थी। पदमचंद जैन, राजेश जैन, चंद्र प्रकाश जैन व आदित्य जैन को प्रथम कलश की बोली का सौभाग्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में सोधर्म इंद्र संजय कुमार प्रियंका जैन, यज्ञ नायक इंद्र पदमचंद गुणमाला जैन, ईशान इंद्र अनिल कुमार कमलेश देवी जैन, सनत कुमार इंद्र भागचंद कनकी देवी जैन, महेंद्र इंद्र उत्तम कुमार मंजू जैन, कुबेर इंद्र मोहनलाल मंजू देवी जैन को बनाया। कार्यक्रम में महिलाओं व बालिकाओं ने भजनों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुतियां दी। पंडित सुरेश के शास्त्री के सानिध्य में मंत्रोचारण के साथ वस्तु विधान की सभी क्रियाएं संपन्न करवाई।


सिरस में श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर निकाली गई कलश यात्रा में शामिल महिलाएं।

- सिरस श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का ध्वजारोहण करके शुभारम्भ किया

वही योग मंडल विधान का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो श्रद्धालु ने श्रीजी के समक्ष मंडल विधान की पूजा अर्चना की। विधान में महुआ से आए संगीतकार रविंद्र एंड पार्टी ने मधुर भजनों की प्रस्तुत दी।

जिस पर श्रद्धालु ने भक्ति नृत्य किया। मंदिर में शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ। वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव में भागचंद जैन, अशोक कुमार, शिखर चंद, नेमीचंद, उत्तमचंद, शिखर चंद, त्रिलोकचंद, कमलेश कुमार, पंकज जैन, पारस जैन, महेंद्र जैन, रामपाल जैन व नरेश कुमार सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

## स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**मनोहरपुर।** भामाशाह श्री डी के सोनी ने कहा कि भारत का संविधान अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा करता है यह शब्द सोनी ने सैय्यद लाल ख़ां बाबा मार्केट में आयोजित स्नेह मिलन समारोह में कहे! सोनी ने कहा कि राष्ट्रीय प्रेस दिवस प्रत्येक वर्ष 16 नवंबर को मनाया जाता है। इस दिन से ही भारत में प्रेस परिषद ने कार्य करना शुरू किया था। तब से लेकर प्रतिवर्ष 16 नवंबर को राष्ट्रीय प्रेस दिवस के रूप में मनाया जाता है।

सोनी ने कहा कि यह दिन भारत के स्वतंत्र और ज़िम्मेदार पत्रकारिता को समर्पित है भारत का संविधान अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा करता है। उन्होंने कहा कि इसलिए 16 नवंबर देश में जिम्मेदार और स्वतंत्र प्रेस का प्रतीक है। जो लोग इसे संजोते हैं, वे इस दिन को याद करते हैं। इस अवसर पर पत्रकारिता में उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए गए और इस अवसर पर स्मारिका का विमोचन किया गया तब से लेकर आज तक प्रतिवर्ष 16 नवंबर को राष्ट्रीय प्रेस दिवस के रूप में मनाया जाता है। विश्व में आज लगभग 50 देशों में प्रेस परिषद या मीडिया परिषद है।